समाज के कार्य में लगाएं अर्जित ज्ञान

एमएमएमयूटी में 'एडवांसेज इन कंप्यूटिंग टेक्नोलॉजी' के मंथन पर बोले वक्ता

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर।

एमएमएमयूटी के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की ओर से 'एडवांसेज इन कंप्यूटिंग टेकभनोलॉजी' विषय पर आयोजित शार्ट टर्म कोर्स का समापन हो गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति ने सभी प्रतिभागियों से कोर्स के दौरान अर्जित ज्ञान को सामाजिक एवं तकनीकी समस्याओं के निराकरण के लिए काम करने का आह्वान किया।

एमएमएमयूटी में कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन कुलपति प्रो. ओंकार सिंह, प्रो. राजीव श्रीवास्तव, प्रो. पीके सिंह व अन्य।

एक सप्ताह के कोर्स के दौरान एचबीटीयू कानपुर के शिक्षक नरेंद्र कोहली ने टेलीमेडिसिन एवं ग्रीन कंप्यूटिंग के दैनिक उपयोग के बारे में जानकारी दी। मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद के नवनीत कुमार सिंह ने न्यूरल नेटवर्क के क्षेत्र में किए जा रहे शोध के बारे में विस्तार से बताया। आईआईटी इंदौर के डॉ. एसके श्रीवास्तव ने आईओटी चिप्स के आकार एवं लागत के बारे में जानकारी दी। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. एमएम गोर ने वायरलेस सेंसर नेटवर्क के बारे में बताया। बुधवार को समापन के मौके पर आयोजन के अध्यक्ष प्रो. राकेश कुमार ने समन्वयक डॉ. यूसी जायसवाल, सह समन्वयक नागेंद्र प्रताप सिंह, सुशील कुमार सरोज समेत कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के सभी शिक्षकों को बधाई दी।